संख्या–cm-345
29/07/2025

# देवघर में हुयी सड़क दुर्घटना में कांवरियों की मौत पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

- **बिहार के प्रत्येक मृतक के शोक संतप्त परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से 2–2 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान उपलब्ध कराने का दिया निर्देश**

पटना 29 जुलाई 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने झारखण्ड राज्य के देवघर जिले के मोहनपुर प्रखंड स्थित जमुनिया के पास कांवरियों से भरी बस और ट्रक के बीच हुयी टक्कर में श्रद्धालुओं की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने इस घटना को काफी दुखद बताया है।

मुख्यमंत्री ने बिहार के मृतक के शोक संतप्त परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से 2–2 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने इस दुर्घटना में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******